कार्यालय जनपद न्यायाधीश बस्ती।

संख्या 44 **/ नजारत/ नीलामी नोटिस दिनॉकित–28.03.2022.**

नीलामी नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय बस्ती, में वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये निम्न लिखित दुकानों तथा खाली जमीन में फल आदि का व्यवसाय करने हेतु सार्वजनिक नीलामी **दिनांक–07.04.2022 दिन शुकवार** को दिन में **1.30 बजे** जनपद न्यायालय बस्ती के वीडियो कान्फेंसिंग हाल में, नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न की जायेगी।

कम संख्या	प्रस्तावित दुकान व ठेके जिसकी नीलामी होनी है।	संख्या	टिप्पणी
01	चाय, मिठाई, नमकीन आदि की दुकान	03	
02	गुमटी में पान की दुकान (न्यायालय परिसर के बाहर)	01	
03	ठेले पर फल बेचने का ठेका	01	
04	खाली जमीन में अन्य व्यवसाय हेतु	03	
05	फोटो स्टेट की दुकान	02	
06	क्म्प्यूटर टाइपिंग की दुकान	01	
07	साइकिल स्टैंण्ड का ठेका	01	

उपरोक्त की नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों ठेकेदारों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा–

01– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को मु0 100.00 नकद प्रति फार्म की दर से नजारत कार्यालय से **दिनांक–30.03.2022 से 04.04.2022** तक किसी भी कार्यालय दिवस में नीलामी फार्म प्राप्त करना होगा।

02– नीलामी में उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।

03–प्रत्येक दुकान तथा ठेकेदार को जमानत राशि के रूप में मु0 1000.00 रू0 नकद प्रति फार्म की दर से नीलामी फार्म के साथ **दिनॉक–31.03.2022 से 05.04.2022** तक किसी भी कार्यालय दिवस में जमा करना होगा।

04–प्रत्येक अथवा ठेके के लिये अलग अलग नीलामी फार्म प्रस्तुत करना होगा।

05–जमानत की राशि ठेका की अवधि समाप्त होने के पश्चात वापस की जायेगी।

06–किसी भी व्यक्ति/ठेकेदार की नीलामी स्वीकृत करने, अस्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार, माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बस्ती को होगा।

इस नोटिस/सूचना की छायाप्रतियॉ विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायालय बस्ती के विभिन्न नोटिस बोर्डों, जिला अधिकारी बस्ती, पुलिस अधीक्षक बस्ती, विकाश भवन, तहसील सदर, जिला सूचना अधिकारी बस्ती, जिला योजन कार्यालय बस्ती, प्रधान डाकघर, रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस्ती आदि समस्त राजकीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायी जाय तथा किसी स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचारपत्र में प्रकाशन भी कराया जाय तथा जनपद न्यायालय बस्ती के वेवसाइट पर भी अंकित कराया जाय।

Priyanka Maurya 28/3/22		28.3.22	28/3/2022	28/3/22
(प्रियंका मौर्या)	**(पंकज कुमार पाण्डेय)**	**(अतुल कुमार नायक)**	**(अंकिता दूबे)**	**(ब्रजेश मणि त्रिपाठी)**
सदस्य,नीलामी समिति/ अपर सि0जज (जू0डि0) बस्ती।	**सदस्य,नीलामी समिति/ जे0एम0 द्वितीय बस्ती।**	**सदस्य,नीलामी समिति/ सि0जज (जू0डि0) बस्ती।**	**सदस्य,नीलामी समिति/ एफ0टी0सी0 द्वितीय बस्ती।**	**अध्यक्ष, नीलामी समिति विशेषन्यायाधीश पाक्सो एक्ट बस्ती।**

प्रेषक–

ब्रजेश मणि त्रिपाठी,
प्रभारी अधिकारी नजारत/
विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, बस्ती।

सेवा में ,

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
बस्ती।

विषय– न्यायालय परिसर बस्ती में दुकानो की वित्तीय वर्ष 2022–2023 के नीलामी की कार्यवाही कराये जाने के संबन्ध में–

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय बस्ती, द्वारा प्रस्तुत आख्या न्यायालय परिसर बस्ती में दुकानों की वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न कराये जाने हेतु अनुमति के लिये प्रस्तुत किया गया है। आख्या के अनुसार कुछ दुकाने अधिवक्ता परिसर की बाउण्ड्री बन जाने के कारण प्रभावित हुयी हैं। न्यायालय परिसर में उपलब्ध स्थानो पर दुकान करने हेतु नीलामी की कार्यवाही अमल में लाया जाना आवश्यक है।

अतएव केन्द्रीय नाजिर द्वारा प्रस्तुत आख्या संस्तुति सहित सादर अग्रसारित।

25/3/22

(ब्रजेश मणि त्रिपाठी)
प्रभारी अधिकारी नजारत/
विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, बस्ती।

<u>Order</u>

Seen the reports. Approved.

25-03-22

District Judge,
Basti.

<u>**कार्यालय प्रतिवेदन**</u>

श्रीमानजी,

विनम्र निवेदन है कि न्यायालय परिसर बस्ती में दुकानो की वित्तीय वर्ष 2021–2022 के नीलामी की अवधि दिनॉक–31.03.2022 को समाप्त हो रही है। वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों तथा खाली भूमि में अन्य व्यवसाय करने का आवंटन सार्वजनिक नीलामी के जरिये कराया जाना नितान्त आवश्यक है।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि वकालत खाना परिसर की बाउण्ड्री बन जाने के कारण कुछ दुकानो का स्थान वकालत खाना की बाउण्ड्री के अन्दर चला गया हैं। जिससे उनकी नीलामी संभव नहीं है। उपलब्ध दुकानों के स्थान के लिये नीलामी की प्रकृया सम्पादित की जा सकती है।

वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये निम्नलिखित प्रकार के दुकानो की नीलामी कराया जाना प्रस्तावित है।

क्रम संख्या	प्रस्तावित दुकान व ठेके जिसकी नीलामी होनी है।	संख्या	टिप्पणी
01	चाय, मिठाई, नमकीन आदि की दुकान	03	
02	गुमटी में पान की दुकान (न्यायालय परिसर के बाहर)	01	
03	ठेले पर फल बेचने का ठेका	01	
04	खाली जमीन में अन्य व्यवसाय हेतु	03	
05	फोटो स्टेट की दुकान	02	
06	क्म्प्यूटर टाइपिंग की दुकान	01	
07	साइकिल स्टैंण्ड का ठेका	01	

अतः श्रीमानजी से सादर अनुरोध है कि यदि श्रीमानजी अनुमति प्रदान करें तो वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये उपरोक्त दुकानो तथा खाली भूमि में अन्य व्यवसाय करने हेतु वार्षिक नीलामी की तिथि नियत करते हुये नीलामी सूचना , नीलामी समिति, जनपद न्यायालय बस्ती के माध्यम से जारी कर दी जाय। जिससे वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिये नीलामी की कार्यवाही की जा सके और राजस्व की हानि न हो।

आख्या श्रीमानजी के अवलोकनार्थ व उचित आदेशार्थ सादर प्रस्तुत है।

Snaik
24-3-22

केन्द्रीय नाजिर,
जनपद न्यायालय बस्ती।